सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

देहरादून29 अगस्त, 2022

सोमवार कोराज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) नरेन्द्रनगर टिहरी के भ्रमण पर रहे। ऋषिकेश–टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग में वापसी के दौरान राज्यपाल ने क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन से उतरकर राजमार्ग को दुरूस्त करने में लगे कार्मिकों व मजदूरों का हालचाल जाना और उनका हौसला बढ़ाया।

गौरतलब है कि विगत रात्रि भारी बरसात के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया था जिसे जिला प्रशासन ने तत्काल सुचारू करवा दिया। इस पर राज्यपाल ने टिहरी जिला प्रशासन और मोटर मार्ग को खोलने में लगे सभी कार्मिकों व मजदूरों की प्रशंसा की। इस दौरान जिलाधिकारी टिहरी सौरव गहरवार, वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक नवनीत भुल्लर भी मौजूद रहे।

..........0..........